Previous Year Paper

# U.P. APO Main Examination, 2015

**सामान्य हिन्दी**
GENERAL HINDI

समय: तीन घण्टे | अधिकतम अंक : 100

**विशेष अनुदेश**

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
प्रत्येक प्रश्न के साथ निर्धारित अंक अंकित हैं।
निर्धारित स्थान के अतिरिक्त अन्यत्र अनुक्रमांक तथा कोई भी नाम या पता न लिखें। आवश्यकता होने पर क, ख, ग या X Y Z लिख सकते हैं।

**1. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 1000 शब्दों का निबंध लिखिए:** **[25]**

(क) राजनीति में धर्म का हस्तक्षेप कितना उचित, कितना अनुचित
(ख) महात्मा गाँधी की प्रासंगिकता
(ग) आतंकवाद पूरे विश्व की समस्या है

**2. विशाल विश्व के बढ़ते अनुभवों के साथ सागर की असंख्य लहरों के समान ही हमारे हृदयों में न जाने कितनी अनुभूतियाँ जाग्रत होती हैं। ये वेदनात्मक भी होती हैं और आनंदात्मक भी। उनका नाम देना और विश्लेषण करना असंभव है और अस्वाभाविक भी। फिर नामकरण और विश्लेषण मात्र से ही हम उन्हें एक-दूसरे से पृथक् भी नहीं कर सकते। करुणा और वेदना में भी आनंद है और एक अवस्था तो वह होती है, जबकि संसार का प्रत्येक अनुभव हृदय पर अपना आनंदमय प्रभाव ही डालता है। यही अवस्था संतों की होती है। अतः संतों का काव्य हम अपने काव्यशास्त्र के बनाए नियमों से नहीं, वरन् हृदय की संवेदनशील कसौटी पर ही जाँच सकते हैं। हृदय को प्रभावित और द्रवित करना ही उसका प्रमुख लक्षण है।**

(क) उपर्युक्त गद्यांश का भावार्थ संक्षेप में लिखिए। **[3]**

(ख) रेखांकित अंशों की व्याख्या कीजिए। **[5]**

(ग) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए। **[2]**

**3. निम्नलिखित शब्दों के चार-चार पर्यायवाची शब्द लिखिए:** **[5]**

कपड़ा ; जंगल; तालाब मछली पुष्प ।

**4. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर उनका वाक्य में प्रयोग कीजिए :** **[5]**

**स्वाध्याय; हृदयंगम ; बहुश्रुत कृतघ्न; अंतर्धान ।**

**5. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए:** **[5]**

कर्मण्य; गणतंत्र ; थोक विनत मंडन।

**6. निम्नलिखित शब्दों को शुद्ध कीजिए :** **[5]**

जागरीत; जाज्वल्यमान संप्रदायिकता; निरापराधी ; अतिश्योक्ति।

**7. निम्नलिखित शब्दों के तत्सम रूप लिखिए:** **[5]**

परस; चाक घोड़ा; पीपल; तौबा ।

**8. निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक-एक शब्द लिखिए** **[5]**

(क) दूसरे के दोष खोजने वाला



Scan this QR Code to Linking Laws BIOs
www.LinkingLaws.com
Linking Laws Tansukh Sir
Get Subscription Now
Linking Laws is a Professional Institute provide AI based Smart Preparation for Judicial Service Exams & other Law Related Exam in India
(UP PCS(J), RJS, MPCJ, CG PCS(J), DJS, BJS, APO, ADPO, JLO, APP etc.)

(ख) तैरने या पार करने की इच्छा
(ग) जो ढका ना हो
(घ) नपी-तुली खुराक खाने वाला
(ङ) व्याकरण का ज्ञाता अथवा रचयिता

**9. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए :** **[5]**

(क) आप कभी भी आओ, मैं आपसे मिलूंगा।
(ख) दुर्घटना में हताहत हुए लोगों की मरहम पट्टी की गयी।
(ग) मेरे पुकारने पर किताब में तल्लीन युवक ने किताब से मुँह उठाकर मेरी ओर देखा
(घ) धार्मिक असहिष्णुता को देखकर महात्मा गाँधी की मृतक आत्मा को कितना संताप होता होगा।
(ङ) आप कौन-से मकान में रहते हैं?

**10. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ स्पष्ट करते हुए उनका वाक्य में प्रयोग कीजिए :** **[5]**

(क) आँख का काजल चुराना
(ख) कच्ची गोलियाँ खेलना
(ग) गाल बजाना
(घ) तूती बोलना
(ङ) पानी उतारना

**11. "शिक्षा संस्थानों की भरमार शिक्षा के गुणात्मक विकास में सहायक है अथवा बाधक ?" इस विषय पर संक्षेप में अपने विचार लिखिए।** **[5]**

**12. किसी हिन्दी दैनिक समाचार पत्र के संपादक को लगभग 300 शब्दों का एक पत्र लिखिए, जिसमें बढ़ रही आपराधिक वारदातों की ओर नगर के सर्वोच्च पुलिस अधिकारी का ध्यान आकृष्ट करते हुए निराकरण हेतु अनुरोध किया गया हो।** **[10]**



Scan this
QR Code to
Linking Laws BIOs
www.LinkingLaws.com
Linking Laws Tansukh Sir
Get Subscription Now
Linking Laws is a Professional Institute provide
AI based Smart Preparation for
Judicial Service Exams & other Law Related Exam in India
*(UP PCS(J), RJS, MPCJ, CG PCS(J), DJS, BJS, APO, ADPO, JLO, APP etc.)*

**सामान्य ज्ञान**

GENERAL KNOWLEDGE

समय तीन घण्टे — अधिकतम अंक : 100

**विशेष अनुदेश SPECIFIC INSTRUCTIONS**

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
प्रत्येक प्रश्न के अन्त में निर्धारित अंक अंकित हैं।

Time Allowed: Three Hours — Maximum Marks: 100

All questions are compulsory.
Marks carried by each question are indicated at its end.

**1.** (a) भारत के संविधान में उल्लिखित अल्पसंख्यक वर्गों के हितों के संरक्षण तथा शैक्षिक संस्थाओं को स्थापित करने एवं संचालित करने के उनके अधिकार से सम्बद्ध प्रावधानों की व्याख्या कीजिए। (शब्द सीमा: 200 )
Discuss the provisions as enshrined in the Constitution of India relating to the protection of interests of minorities and their right to establish and administer educational institutions. (Word limit: 200)
**[5]**

(b) स्वाधीन भारत के संविधान के निर्माण में संविधान सभा की भूमिका को रेखांकित कीजिए। (शब्द सीमा: 200 )
Underline the role of the Constituent Assembly in framing the Constitution of free India. (Word limit : 200 ).
**[5]**

**2.** (a) केन्द्र में मोदी सरकार के गठन के पश्चात् भारत- अफगानिस्तान सम्बन्धों पर प्रकाश डालिए। (शब्द सीमा: 200)
Throw light on Indo-Afghanistan relations after the formation of the Modi Government at the Centre. (Word limit : 200)
**[5]**

(b) परमाणविक ऊर्जा क्या है? वैश्विक शान्ति तथा सुरक्षा के सम्पोषण में यह किस प्रकार सहायक हो सकता है? (शब्द सीमा: 200)
What is nuclear energy? How can it help in the maintenance of global peace and security? (Word limit : 200)
**[5]**

**3.** (a) नेपाल की वर्तमान राजनीतिक अशान्ति के परिप्रेक्ष्य में भारत तथा नेपाल के मध्य विद्यमान व्यापार तथा आर्थिक सम्बन्ध को विवेचित कीजिए। (शब्द सीमा: 200)
Keeping in view the present political disturbance in Nepal, examine the trade and economic relationship existing between India and Nepal. (Word limit : 200)
**[5]**

(b) राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के उद्देश्यों को इंगित कीजिए। उत्तर प्रदेश में इसे क्रियान्वित करने के प्रयोजन से कौन से उपाय किए जा रहे हैं? (शब्द सीमा: 200 )
Point out the objectives of the National Food Security Act. What devices are being adopted in Uttar Pradesh for its implementation? (Word limit: 200)
**[5]**

**4.** (a) नागरिकों के मौलिक अधिकारों के संरक्षण के निमित्त उच्च न्यायालय द्वारा निर्गत 'लेखों' (याचिकाओं) के नाम तथा कार्यों को सुस्पष्ट कीजिए। (शब्द सीमा 200)
Write the names and the functions of the 'writs' issued by the High Court for the protection of Fundamental Rights of citizens. (Word limit : 200)
**[5]**

(b) नवम्बर, 2015 में ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज़ मिसाइल के सफल परीक्षण पर एक संक्षिप्त नोट लिखिए। (शब्द सीमा: 200)
Write a brief note on the successful BrahMos Supersonic Cruise Missile test in November, 2015. (Word limit : 200)
**[5]**

**5.** **निम्नलिखित पर टिप्पणियाँ लिखिए (शब्द सीमा : 80 प्रत्येक ) :**
**Write notes on the following (Word limit : 80 each) :**
**[10]**

(a) निर्गत मत सर्वेक्षण
Exit Poll

(b) डिजिटल इन्डिया
Digital India

(c) सुकन्या समृद्धि योजना
Sukanya Samriddhi Yojana

(d) लोकहित मुकदमा



Scan this QR Code to Linking Laws BIOs
www.LinkingLaws.com
Linking Laws Tansukh Sir
Get Subscription Now
Linking Laws is a Professional Institute provide AI based Smart Preparation for Judicial Service Exams & other Law Related Exam in India
*(UP PCS(J), RJS, MPCJ, CG PCS(J), DJS, BJS, APO, ADPO, JLO, APP etc.)*

Public Interest Litigation (PIL)

(e) स्वच्छ भारत मिशन
Swachh Bharat Mission

**6. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए (शब्द सीमा 30 प्रत्येक):**
**Write short notes on the following (Word limit : 30 each):**

**[10]**

(a) इन्टरपोल
Interpol

(b) सबके लिए मकान
Housing for All

(c) प्रधानमंत्री जन-धन योजना
Pradhan Mantri Jan-Dhan Yojana

(d) अग्नि-V प्रक्षेपास्त्र (मिसाइल) की मारक -सीमा
Range of Agni-V Missile

(e) कोलेजियम
Collegium

(f) क्लीन यू० पी०-ग्रीन यू० पी०
Clean UP-Green UP

(g) बिहार के हाल के चुनाव में महागठबंधन की जीत
Victory of grand alliance in recent elections in Bihar

(h) सर्व शिक्षा अभियान
Sarva Siksha Abhiyan

(i) स्मार्ट सिटी योजना
Smart City Yojana

(j) पंथनिरपेक्षता की संवैधानिक गारन्टी
Constitutional guarantee of secularism

**7. निम्नलिखित संकेताक्षरों के पूर्ण रूप लिखिए:**
**Write the full forms of the following abbreviations:**

**[10]**

(a) एस० ई० बी० आई०
SEBI

(b) आइ० एस० आर० ओ०
ISRO

(c) एन० सी० टी० सी०
NCTC

(d) ए० एस० ई० ए० एन०
ASEAN

(e) सी० एस० आइ० आर०
CSIR

(f) ओ० एन० जी० सी०
ONGC

(g) आइ० सी० जे०
ICJ

(h) आइ० बी० आर० डी०
IBRD

(i) यू० जी० सी०
UGC

(j) ई० ई० सी०
EEC

**8.** (a) निम्नलिखित पुस्तकों के लेखकों के नाम बताइए :
Name the authors of the following books:

**[5]**

(i) तमस



Scan this QR Code to Linking Laws BIOs
www.LinkingLaws.com
Linking Laws Tansukh Sir
Get Subscription Now
Linking Laws is a Professional Institute provide AI based Smart Preparation for Judicial Service Exams & other Law Related Exam in India
(UP PCS(J), RJS, MPCJ, CG PCS(J), DJS, BJS, APO, ADPO, JLO, APP etc.)

Tamas
(ii) ऐज यू लाइक इट
As You Like It
(iii) गॉड्स ऑफ करप्शन
Gods of Corruption
(iv) रिवोल्यूशन 2020 लव, करप्शन, ऐम्बिशन
Revolution 2020-Love, Corruption, Ambition
(v) फेसेस एन्ड प्लेसेस
Faces and Places

(b) निम्नलिखित किन खेलों से सम्बन्धित हैं?
With which sports are the following associated?

**[5]**

(i) रणजी ट्रॉफी
Ranji Trophy
(ii) रोवर्स कप
Rovers Cup
(ii) डेविस कप
Davis Cup
(iv) आगा खान कप
Aga Khan Cup
(v) वेलिंग्टन ट्रॉफी
Wellington Trophy

**9.** (a) निम्नलिखित व्यक्ति किस क्षेत्र में प्रसिद्धि प्राप्त किए हैं?
In which fields have the following persons achieved fame?

**[5]**

(i) गुलाम अली
Ghulam Ali
(ii) तीर्थ सिंह ठाकुर
Tirath Singh Thakur
(iii) मार्क जुकरबर्ग
Mark Zuckerberg
(iv) आंग सान सू की
Aung San Suu Kyi
(v) मनोहर पारिकर
Manohar Parrikar

(b) निम्नलिखित से क्या अभिप्राय है?
What are meant by the following?

**[5]**

(i) स्पीकर प्रो टेम
Speaker Pro tem
(ii) लोक अदालत
Lok Adalat
(ii) काला धन
Black Money
(iv) वयस्क मताधिकार
Adult Franchise
(v) भूदान
Bhoodan

**10.** (a) देश में आर्थिक सुधार लाने के प्रयोजन से केन्द्र द्वारा उठाए गए कदमों को विवेचित कीजिए। (शब्द सीमा: 200)
Discuss the steps adopted by the Centre for bringing about economic reforms in the country. (Word limit : 200)
**[5]**

(b) वायु प्रदूषण के क्या कारण हैं? वायु प्रदूषण को रोकने के लिए सुझाव दीजिए। (शब्द सीमा: 200)
How is air pollution caused? Suggest measures for the prevention of air pollution. (Word limit : 200)

**[5]**



Scan this QR Code to Linking Laws BIOs
www.LinkingLaws.com
Linking Laws Tansukh Sir
Get Subscription Now
Linking Laws is a Professional Institute provide AI based Smart Preparation for Judicial Service Exams & other Law Related Exam in India
*(UP PCS(J), RJS, MPCJ, CG PCS(J), DJS, BJS, APO, ADPO, JLO, APP etc.)*

Linking Laws
Link Life with Law
: 773 774 6465, 988 774 6465
www.LinkingLaws.com

**विधि (प्रश्न-पत्र - I)**
**(फौजदारी कानून व प्रक्रिया सह पुलिस अधिनियम व विनियम)**

समय: तीन घण्टे अधिकतम अंक : 100

**विशेष अनुदेश**

कुल पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिये। प्रश्न संख्या 1 अनिवार्य है। भाग क तथा भाग ख में से दो-दो प्रश्न हल कीजिये।
सभी प्रश्नों के अंक प्रश्नांत में दायीं ओर अंकित हैं।

**LAW (PAPER-1)**
**{Criminal Law and Procedure with Police Act and Regulations)**

Time Allowed: Three Hours Maximum Marks: 100

**SPECIFIC INSTRUCTIONS**

Attempt FIVE questions in all. Question No. 1 is compulsory. Attempt TWO questions from Part- A and Two questions from Part--- B.
All parts of question carry marks as shown in right side where the part of question ends.

**1.** (a) एक पुलिस अधिकारी द्वारा संज्ञेय तथा असंज्ञेय अपराधों के अन्वेषण की प्रक्रिया में अन्तर की संक्षिप्त व्याख्या कीजिये ।
Discuss briefly the distinction between the procedure of investigation by a police officer in cognizable and non-cognizable offences.
**[10]**

(b) आत्महत्या या संदिग्ध मृत्यु के प्रकरणों में पुलिस द्वारा अन्वेषण की प्रक्रिया की विवेचना कीजिये ।
Discuss the procedure of investigation by police in cases of suicide or suspected death of victims.
**[5]**

(c) किन परिस्थितियों में कोई पुलिस अधिकारी बिना मजिस्ट्रेट के आदेश के किसी व्यक्ति को गिरफ्तार कर सकता है? व्याख्या कीजिये तथा उदाहरण दीजिये।
In what circumstances may a police officer arrest a person without an order from the Magistrate? Explain it with example.
**[5]**

**भाग-क / PART - A**

**2.** निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिये
Write short notes on the following:

(a) आपराधिक अतिचार
Criminal trespass
**[6]**

(b) दहेज मृत्यु
Dowry death
**[8]**

(c) गृह-भेदन
House-breaking
**[6]**

**3.** (a) 'अ' चोरी करने के इरादे से 'ब' के घर में प्रवेश करता है। 'ब' तथा उसके घर के अन्य व्यक्ति 'अ' को घेर कर लाठियों से आक्रमण करते हैं। 'अ' अपने जीवन को संकट में पाकर पिस्तौल निकालकर गोली चला देता है, जिससे 'ब' की मृत्यु होती है। क्या 'अ' भारतीय दण्ड संहिता की धारा 302 के अन्तर्गत हत्या का दोषी है ? A entered the house of B with the intention of committing theft. B and other members of his family surrounded A and attacked with Lathis. Finding his life in danger, A whipped out a revolver and fired causing the death of B. Is A guilty of murder under Section 302 of the Indian Penal Code?
**[5]**

(b) 'अ' मिथ्या साक्ष्य देने के लिए 'ब' को उकसाता है। 'ब' ने मिथ्या साक्ष्य नहीं दिया। बताइये कि क्या 'अ' ने कोई अपराध किया है। विवेचना कीजिये।
A instigates B to give false evidence. B does not give false evidence. Has A committed any offence? Discuss.
**[5]**

(c) 'अ' रात्रि में एक ऐसे गृह में प्रवेश करता है, जिसमें प्रवेश करने के लिए वह वैध रूप से हकदार है। 'ब' सद्भावनापूर्वक 'अ' को गृह भेदक समझकर 'अ' पर आक्रमण करता है। क्या 'अ' को 'ब' के विरुद्ध प्राइवेट प्रतिरक्षा का अधिकार है?
A enters by night a house, which he is legally entitled to enter. B in good faith taking A for house-breaker, attacks A. Whether A has right to private defence against B?
**[5]**



Scan this QR Code to Linking Laws BIOs
www.LinkingLaws.com
Linking Laws Tansukh Sir
Get Subscription Now
Linking Laws is a Professional Institute provide AI based Smart Preparation for Judicial Service Exams & other Law Related Exam in India
(UP PCS(J), RJS, MPCJ, CG PCS(J), DJS, BJS, APO, ADPO, JLO, APP etc.)

(d) 'अ' ने 'ब' को कोलकाता जाने वाली रेलगाड़ी को पटरी से उतारने के औज़ार देने का अनुबन्ध ₹ 10,000 का प्रतिफल लेकर किया। 'अ' ने 'ब' को औज़ार दिया। 'अ' ने कौन सा अपराध किया?
On receiving consideration of P 10,000, Aagreed to supply B with tools so that he could derail a Kolkata-bound train. A supplied the tools to B. What offence has A committed?
**[5]**

**4.** (a) भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 53-A के अंतर्गत आजीवन निर्वासन के प्रति निर्देश का अर्थ बताइये।
State the construction of reference to sentence of transportation for life under Section 53-A of the Indian Penal Code, 1860.
**[8]**

(b) उन अपवादों का वर्णन कीजिये, जिनमें आपराधिक मानववध हत्या नहीं होती।
Describe the exceptions in which culpable homicide does not amount to murder.
**[6]**

(c) कारण सहित बताइये कि क्या दाण्डिक अपील अपीलार्थी की अनुपस्थिति के आधार पर गुणावगुण पर विचार किये बिना निरस्त की जा सकती है।
Whether a criminal appeal can be dismissed without considering the merits on the ground of absence of appellant? State with reasons.

**5.** (a) क्या विधि-विरुद्ध जमाव का प्रत्येक सदस्य सामान्य उद्देश्य को अग्रसर करने में किये गये अपराध का दोषी होगा ? क्यों?
Whether any member of an unlawful assembly is guilty of an offence which is committed in prosecution of the common object? Why?
**[10]**

(b) मानहानि से आरोपित व्यक्ति के लिए कौन-से विधिक अभिवाक् उपलब्ध हैं?
What legal pleas are offered to a person charged with defamation?
**[10]**

**भाग-ख / PART-B**

**6.** (a) दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 145 के अंतर्गत स्थावर सम्पत्ति-विषयक विवादों में जो प्रक्रिया अपनायी जाती है, उसका संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत कीजिये ।
Give a brief description of the procedure to be adopted under Section 145 of Code of Criminal Procedure regarding the disputes relating to immovable property.
**[10]**

(b) अजमानतीय अपराध की दशा में जमानत कब दी जा सकती है? क्या जमानत सशर्त दी जा सकती है ?
When can bail be granted in case of a non-bailable offence? Can bail be granted subject to conditions?
**[10]**

**7.** (a) संक्षिप्त विचारण से आप क्या समझते हैं? किन अपराधों का संक्षिप्त विचारण हो सकता है और किसके द्वारा?
What do you understand by summary trial? What offences may be tried summarily and by whom?
**[8]**

(b) एक पुलिस अधिकारी किन परिस्थितियों में किसी व्यक्ति को बिना वारन्ट गिरफ्तार कर सकता है?
Under what circumstances can a police officer arrest a person without warrant?
**[6]**

(c) दण्ड प्रक्रिया संहिता में पत्नी, सन्तान और माता-पिता के भरण-पोषण की विधि एवं प्रक्रिया का वर्णन कीजिये।
Describe the law and procedure for maintenance of wife, children and parents in Criminal Procedure Code.
**[6]**

**8.** (a) पुलिस रिपोर्ट एवं प्रथम सूचना रिपोर्ट में क्या अंतर है?
Distinguish between Police Report and First Information Report.
**[6]**

(b) दण्ड प्रक्रिया संहिता के अन्तर्गत पुनरीक्षण के क्या आधार होते हैं?
What are the grounds of revision according to Criminal Procedure Code?
**[6]**

(c) किसी पुलिस अधिकारी द्वारा तलाशी लिए जाने से सम्बन्धित दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 में क्या प्रावधान है? स्पष्ट कीजिये ।
What are the provisions regarding search by a police officer under the Criminal Procedure Code, 1973? Explain.
**[8]**

**9.** (a) जब 24 घंटों में अन्वेषण पूरा न किया जा सके, तब इस सम्बन्ध में दण्ड प्रक्रिया संहिता में क्या प्रावधान हैं?



Scan this QR Code to Linking Laws BIOs
www.LinkingLaws.com
Linking Laws Tansukh Sir
Get Subscription Now
Linking Laws is a Professional Institute provide AI based Smart Preparation for Judicial Service Exams & other Law Related Exam in India
(UP PCS(J), RJS, MPCJ, CG PCS(J), DJS, BJS, APO, ADPO, JLO, APP etc.)

What are the provisions under Criminal Procedure Code for the investigation which is not completed within 24 hours ?

**[10]**

(b) "अपराध पूरे समाज के विरुद्ध विद्रोह है तथा समकालीन सभ्यता पर हमला है।" विस्तृत व्याख्या कीजिये तथा अपराध के आवश्यक तत्वों की विवेचना कीजिये।

"Crime is a revolt against the whole society and an attack on the civilization of the day." Elucidate and discuss the essential elements of crime.

**[10]**



Scan this QR Code to Linking Laws BIOs
www.LinkingLaws.com
Linking Laws Tansukh Sir
Get Subscription Now
Linking Laws is a Professional Institute provide AI based Smart Preparation for Judicial Service Exams & other Law Related Exam in India (UP PCS(J), RJS, MPCJ, CG PCS(J), DJS, BJS, APO, ADPO, JLO, APP etc.)

**विधि (प्रश्न-पत्र - II)**
**(साक्ष्य विधि)**

समय : तीन घण्टे | अधिकतम अंक : 100

**विशेष अनुदेश**

कुल पाँच प्रश्न हल करने हैं, जिनमें प्रश्न संख्या 1 अनिवार्य है।
प्रत्येक प्रश्न के अन्त में निर्धारित अंक अंकित हैं।

**LAW (PAPER-II)**
**(Law of Evidence)**

Time Allowed : Three Hours | Maximum Marks: 100

**SPECIFIC INSTRUCTIONS**

Answer FIVE questions in all, in which Question No. 1 is compulsory.
Marks carried by each question are indicated at its end.

**1.** (a) तथ्यों की सुसंगतता से आप क्या समझते हैं? क्या सभी सुसंगत तथ्य न्यायालय में ग्राह्य हैं? समझाइए ।
What do you understand by relevancy of facts? Are all relevant facts admissible in Court? Explain.
**[10]**

(b) कारण सहित उत्तर दीजिए कि क्या निम्न मामलों में जो तथ्य साबित किए जा रहे हैं, सुसंगत हैं :
Answer with reason whether the facts which are being proved in the following cases are relevant :

(i) चोरी का अभियुक्त 'क' को चुराई हुई सम्पत्ति को 'ख' को देते हुए देखा गया और 'ख' को उसे 'क' की पत्नी को देते हुए देखा गया। 'ख' उसे देते हुए कहता है, ""क" ने कहा है कि तुमको यह छिपाना है"। क्या 'ख' का कथन सुसंगत है?
A, an accused of theft, is seen to give the stolen property to B, who is seen to give it to A's wife. B says, as he delivers it, "A says you to hide this". Whether B's statement is relevant ?
**[5]**

(ii) प्रश्न यह है कि क्या 'क' ने अपराध किया है? परिस्थितियाँ ऐसी है कि अपराध 'क', 'ख', 'ग' या 'घ' के द्वारा किया गया होना चाहिए। प्रत्येक तथ्य यह दर्शित करता है कि अपराध और किसी के द्वारा कारित नहीं किया गया है और यह 'ख', 'ग' या 'घ' के द्वारा नहीं किया गया। क्या उपर्युक्त तथ्य सुसंगत हैं?
The question is whether A committed a crime? The circumstances are such that the crime must have been committed either by A, B, C or D. Every fact shows that the crime could have been committed by no one else and it was not committed by either B, C or D. Whether the above-stated facts are relevant?
**[5]**

**2.** (a) स्वीकृति एवं संस्वीकृति को समझाते हुए उनके मध्य अन्तर स्थापित कीजिए। यह भी समझाइए कि वे किस सीमा तक न्यायालय में ग्राह्य हैं।
Explain admission and confession, and distinguish between them. Also, discuss to what extent they are admissible in Court.
**[10]**

(b) क्या निम्न स्वीकृति / संस्वीकृति ग्राह्य हैं ?
Are the following admission/confession admissible?

(i) 'क', 'ख' के लिए भाटक संग्रह का दायित्व लेता है। 'ग' द्वारा 'ख' को शोध्य भाटक संग्रह न करने के लिए 'क' के विरुद्ध 'ख' बाद लाता है। 'क' मना करता है कि 'ग' से 'ख' को भाटक देय था। क्या 'ग' द्वारा यह कथन कि उस पर 'ख' को भाटक देय है 'क' के विरुद्ध ग्राह्य है?
A undertakes to collect rent for B. B sues A for not collecting rent due from C to B. A denies that the rent was due from C to B. Whether the statement by C that he owed rent of B is admissible against A?
**[5]**

(ii) 'ग' की हत्या के लिए 'क' का विचारण हो रहा है। यह दर्शित करने के लिए साक्ष्य है कि 'क' और 'ख' ने 'ग' की हत्या की थी और 'ख' ने कहा था, "क' और मैंने 'ग' की हत्या की थी"। क्या 'ख' का कथन 'क' के विरुद्ध संस्वीकृति के रूप में विचारार्थ लिया जा सकता है?
A is on his trial for murder of C. There is evidence to show that C was murdered by A and B and that B said, "A and I murdered C". Whether the statement of B can be considered confession against A?
**[5]**

**3.** (a) निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर परिपूर्ण किन्तु संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए:
Write exhaustive but brief notes on any two of the following:
**[10]**

(i) विशेषाधिकार संसूचनाएँ
Privileged communication

(ii) प्रत्यक्ष एवं परिस्थितिजन्य साक्ष्य
Direct and circumstantial evidence

(iii) सबूत का भार



Scan this QR Code to Linking Laws BIOs
www.LinkingLaws.com
Linking Laws Tansukh Sir
Get Subscription Now
Linking Laws is a Professional Institute provide AI based Smart Preparation for Judicial Service Exams & other Law Related Exam in India
(UP PCS(J), RJS, MPCJ, CG PCS(J), DJS, BJS, APO, ADPO, JLO, APP etc.)

Burden of proof

(iv) विशेषज्ञ की राय

Expert opinion

(b) कारण सहित उत्तर दीजिए:

Answer with reason :

(i) प्रश्न यह है कि क्या 'क' द्वारा 'ख' को बेचा गया घोड़ा स्वस्थ है? 'क', 'ख' से कहता है, "जाओ और 'ग' से पूछो; 'ग' इसके बारे में सब कुछ जानता है"। क्या 'ग' का कथन एक स्वीकृति है ?

The question is whether a horse sold by A to B is sound? A says to B, "Go and ask C; C knows all about it". Whether C's statement is an admission?

**[5]**

(ii) 'ख' के कुत्ते द्वारा क्षति पहुँचाए जाने के कारण 'क', 'ख' के विरुद्ध वाद लाता है। 'ख' जानता है कि कुत्ता हिंसक (कटखना) है। क्या यह तथ्य कि कुत्ता पहले X, Y तथा Z को काट चुका था और उन्होंने 'ख' से इसकी शिकायत की थी, सुसंगत है ?

A sues B for damage done by a dog of B, which B knows to be ferocious. Whether the fact that the dog had previously bitten X, Y and Z and they had made complaint to B, is relevant?

**[5]**

**4.** (a) खण्डनीय तथा अखण्डनीय उपधारणाओं में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

Distinguish between rebuttable and irrebuttable presumptions.

**[10]**

(b) प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष संदिग्धताओं में भेद कीजिए। इस प्रकार की संदिग्धताओं के उदाहरण दीजिए।

Distinguish between patent and latent ambiguities. Give examples of such ambiguities.

**[10]**

**5.** न्यायालयों के निर्णयों के सुसंगति से सम्बन्धित नियमों को संक्षेप में समझाइए ।

'अ', 'ब' का अभियोजन इसलिए करता है कि उसने 'अ' की एक गाय चुराई है। 'ब' दोषी सिद्ध होता है। 'ब' ने गाय 'स' के हाथ बेच दी थी। 'अ', 'स' के विरुद्ध गाय की पुन:प्राप्ति के लिए बाद चलाता है तथा अपने दावे की पुष्टि हेतु 'ब' के विरुद्ध निर्णय को पेश करता है। क्या यह निर्णय सुसंगत है ? कारण सहित उत्तर दीजिए।

Explain briefly the rules governing relevancy of judgement of Court of justice. A prosecutes B for stealing a cow from him. B is convicted. The cow had been sold by B to C. A brings a suit against C for recovery of the cow and produces the judgement against B in support of his claim. Is the judgement relevant? Give reason for your answer.

**[20]**

**6.** विशेषज्ञ किसे कहते हैं? एक विशेषज्ञ एवं एक सामान्य साक्षी में क्या अन्तर है? क्या एक डॉक्टर का दिया गया साक्ष्य निम्नलिखित मामले में ग्राह्य है?

Who is expert? What is the difference between an expert and an ordinary witness? Whether the evidence given by a doctor is admissible in the following cases?

(a) एक दस्तावेज के अर्थ-वयन में दी गयी राय

Opinion in construction of a document

(b) किसी आहत व्यक्ति की उपार्जन सामर्थ्य की हानि के बारे में दी गयी राय

Opinion on the loss of earning capacity of an injured person

**[20]**

**7.** साक्ष्य अधिनियम के अंतर्गत विबन्धन के नियम के मुख्य लक्षणों का उल्लेख कीजिए। क्या किन्हीं परिस्थितियों में मौन के X द्वारा भी विबन्धन की स्थिति हो सकती है?

What are the essential features of the rule of estoppel as laid down in the Evidence Act? Can there be estoppel by silence in any circumstances?

**[20]**

**8.** साक्ष्य अधिनियम के अंतर्गत सक्षम गवाह कौन है? क्या निम्न व्यक्ति सक्षम गवाह हो सकते हैं?

Who is a competent witness under the Evidence Act? Whether the following persons can be competent witness?

**[20]**

(a) अंधा गवाह

Blind Witness

(b) गूँगा गवाह

Dumb Witness

(c) न्यायाधीश तथा मजिस्ट्रेट

Judge and Magistrate



Scan this QR Code to Linking Laws BIOs
www.LinkingLaws.com
Linking Laws Tansukh Sir
Get Subscription Now
Linking Laws is a Professional Institute provide AI based Smart Preparation for Judicial Service Exams & other Law Related Exam in India (UP PCS(J), RJS, MPCJ, CG PCS(J), DJS, BJS, APO, ADPO, JLO, APP etc.)

(d) पति तथा पत्नी
Husband and Wife



Scan this QR Code to Linking Laws BIOs
www.LinkingLaws.com
Linking Laws Tansukh Sir
Get Subscription Now
Linking Laws is a Professional Institute provide AI based Smart Preparation for Judicial Service Exams & other Law Related Exam in India
*(UP PCS(J), RJS, MPCJ, CG PCS(J), DJS, BJS, APO, ADPO, JLO, APP etc.)*